सिया जी सोच मत करना

सिया जी सोच मत करना धनुष को राम तोड़ेंगे,
धनुष को राम तोड़ेंगे सिया से नाता जोड़ेंगे,
सिया जी सोच मत करना धनुष को राम तोड़ेंगे॥

फूल लेने को बगिया में गए थे राम रघुराई,
मलिनिया सोच मत करना धनुष को राम तोड़ेंगे,
सिया जी सोच मत करना धनुष को राम तोड़ेंगे॥

सरोवर में नहाने को गए थे राम रघुराई,
धोबिनिया सोच मत करना धनुष को राम तोड़ेंगे,
सिया जी सोच मत करना धनुष को राम तोड़ेंगे॥

जल भरने को पनघट पे गए थे राम रघुराई,
कहांरन सोच मत करना धनुष को राम तोड़ेंगे,
सिया जी सोच मत करना धनुष को राम तोड़ेंगे॥

गए थे भोजन करने को महलों में राम रघुराई,
रानी सोच मत करना धनुष को राम तोड़ेंगे,
सिया जी सोच मत करना धनुष को राम तोड़ेंगे॥

गौरी पूजन करने को मंदिर में जानकी आई,
सखियों सोच मत करना धनुष को राम तोड़ेंगे,
सिया जी सोच मत करना धनुष को राम तोड़ेंगे॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25227/title/siya-ji-soch-mat-karna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |